संदेश

ईस्टर के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को, विशेष रूप से ईसाई समुदाय के लोगों को, बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

यीशु मसीह के पुनर्जीवन की स्मृति में यह त्योहार विश्वभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यीशु मसीह मानवता, क्षमा, त्याग, करुणा और सच्चाई के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें शांति, प्रेम और भाईचारे की शिक्षा मिलती है।

आइए, इस खुशी के अवसर पर, इन जीवन-मूल्यों का अनुसरण करें जिससे हमारे समाज में प्रेम, स्नेह और सौहार्द का बंधन मजबूत हो तथा देश में समृद्धि और खुशहाली बढ़े।

****